सरकारी प्रौढ़शाला, बीरिहुंडी, मैसूर(ता), मैसूर.

10 वीं कक्षा **प्रथम संकलनात्मक परीक्षा 2019-20**

समय -: 2.30 घंटा विषय -: तृतीय भाषा हिन्दी कुल अंक = 80

खण्ड - क

(गद्य, पद्य और पूरकवाचन)

I. निम्नांकित प्रश्नों के लिये एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- **4x1=4**

1. महादेवी वर्मा जी ने कौए को क्यों विचित्र पक्षी कहा हैं ?
2. अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थीं ?
3. परसाई जी दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ?
4. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?

II. प्रथम शब्द से सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द का उत्तर लिखिए :- **4x1=4**

5. आम : पीला रंग :: सेब : _______________
6. पं. राजकिशोर : किशनगंज :: बसंत और प्रताप : ________________
7. कंप्यूटर : संगणक यंत्र :: इंटरनेट : ___________
8. धर्म का मूल : दया :: पाप का मूल : _________________

III. निम्नांकित प्रश्नों के लिये दो - तीन वाक्यों मे उत्तर लिखिए :- **8x2=16**

9. महादेवी जी का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?
10. अब्दुल कलाम के बचपन के दोस्त कौन - कौन थे ? वे किन परिवारों से थे ?
11. प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया ?
12. परसाई जी ने मंत्री को क्या समझाया ?
13. आज की दुनिया कैसी है और प्रकृति पर कौन आसीन है ?
14. मनुष्य के जीवन में प्रकाश कब फैलता है ?
15. मुखिया का गुण कैसे होना चाहिए ?
16. सौर-मंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन सा है और शनि का स्थान क्या है ?

अथवा

शनि किसका पुत्र है ? 'शनैःचर' का अर्थ क्या है ?

IV. प्रश्नों के उत्तर तीन - चार वाक्य में लिखिए :- **8x3=24**

17. सेब की हालत के बारे में लिखिए ?

18. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ?

19. कलाम जी को बाल्यकाल में पढने के लिए पुस्तकें कहाँ से मिलती थी ?

20. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ?

21. सम्मेलन में लेखक को कौन - से अनुभव हुए ? संक्षेप में लिखिए ।

22. मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

23. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरूष आसीन' इस पंक्ति का आशय समझाइए ।

24. इस पद्य भाग का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :-

मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान को एक॥
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥

V. चार या पाँच वाक्यों में लिखिए : **1x4=4**

25. बसंत ईमानदार लडका है । कैसे ?

अथवा

मानवीय व्यवहार के लिए पं. राजकिशोर किस तरह परिचित थे ?

VI. इस पध्य भाग की पूर्ति कीजिए:- **1x4=4**

26. हरे-भरे हैं ....
....
....
....
....
....
.... बार प्रणाम।

अथवा

एक हाथ में ....
....
....
....
....
....
.... बार प्रणाम ।

खण्ड - ख

(व्याकरण)

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार - चार उत्तर दिये गये हैं। उनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए:-

27. "बुरा" शब्द का विलोम शब्द है। 8x1=8

अ. अच्छाई आ. अचरज इ. अच्छा ई. बुराई

28. इनमें बहुवचन शब्द है।

अ. आँख आ. उँगली इ. पंजा ई. गमलें

29. हैलो पंडित जी - इस वाक्य के लिये उपयुक्त विराम चिन्ह है ।

अ. पूर्णविराम आ. आश्चर्य सूचक इ. प्रश्नवाचक ई. अल्पविराम

30. स्त्रीलिंग रूप शब्द है ।

अ. अध्यापक आ. लेखक इ. आलोचक ई. गायिका

31. “सुनना” शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप यह है।

अ. सुन आ. सुना इ. सुनाना ई. सुनवाना

32. “काम आना” मुहावरे का अर्थ यह है।

अ.काम करना आ. काम को आना इ. इस्तेमाल होना ई. काम करना

33. “परोपकार” शब्द इस संधी का उदाहरण है।

अ. दीर्घ संधी आ. गुण संधी इ. व्यंजन संधी ई. अयादी संधी

34. राम _____ रावण को किताब दिया। इस वाक्य केलिए सही कारक चिन्ह है ।

अ. ने आ. को इ. का ई . से

खण्ड - ग

(रचना भाग - गद्यांश लेखन - पत्र लेखन - निबंध लेखन)

VIII. अपनी मातृभाषा में अनुवाद कीजिए :- **1X3=3**

35. इंटरनेट सचमुच एक वरदान है। उसने जीवन के हर एक क्षेत्र में अपना कमाल दिखाया है । यहाँ तक कि देश के रक्षादलों की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है।

36. गध्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 4x1=4

रामनाथ पक्के देशभक्त थे। जेल भी हो आये थे महात्माजी के नमक-सत्याग्रह के काव्य-रस ने उन्हे अपनी ओर खींच लिया था। उस महायज्ञ में थपकर पावन बने लोगों में वे भी एक थे। देशभक्त भी आखिर मामूली आदमी ही है। उसको भी भूक लगती है, वह सन्यासी तो नही। उसके लिये भी पारिवारिक बंधन है। जेल से छूटने पर कई जगह घूमकर आखिर ‘भारत-भूमि’ की शराण में आये।

१. रामनाथ कौन था ?

२. नमक सत्याग्रह के नेता कौन थे ?

३. देशभक्त को भी क्या लगती है ?

४. रामनाथ आखिर में किसके शरण में आये ?

37. किसी एक विषय पर दस वाक्यों का एक निबंध लिखिए :- **4x1=4**

१. पर्यावरण की रक्षा :

* पर्यावरण का अर्थ,
* पर्यावरण का महत्व,
* पर्यावरण की रक्षा,
* उपसंहार

२. स्वच्छ भारत :

* स्वच्छ भारत की कल्पना,
* स्वच्छता की आवश्यकता,
* स्वच्छ भारत में हमारा दायित्व

३. इंटरनेट क्रांति :

* इन्टरनेट का अर्थ,
* इंटरनेट से लाभ,
* इन्टरनेट से हानी,
* उपसंहार

38. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :-** **5x1=5**

अस्वस्थता का कारण देकर चार दिन की छुट्टी माँगते हुये प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए :-

अथवा

शैक्षिक प्रवास जाने के लिए पैसे माँगते हुये अपने पिता के नाम एक पत्र लिखिये ।

****